तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



## बाढ़ आपदा से बचाव के लिए हुआ मॉक ड्रिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले में बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए इंद्रावती नदी के महादेव घाट में गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। नगर सेना विभाग द्वारा जिले एवं संभागीय स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान इन्द्रावती नदी में ग्रामीणजन लकड़ी या छोटे-छोटे नाव के माध्यम से नदी पार करते समय नाव पलटी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अण्डरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाईफ ब्याय आस्का लाईट, पेलिकेन लाईट, सर्च लाईट विभिन्न प्रकार के चैन-सा का प्रयोग कर बाढ़-बचाव कार्य का लाइव डेमो मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

■ इंद्रावती नदी के महादेव घाट में किया गया अभ्यास

बाढ प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को घरों में उपलब्ध होने वाले सामग्रियों जैसे टीपा, भगोना, ड्रम, मटका, ट्यूब इत्यादि सामग्रियों का राप्ट बनाना एवं पीने वाले एक लीटर वाटर बाटल को ऐयर टाइट कर लाईफ जैकेट बनाकर डूबते हुये व्यक्ति को बचाया जा सकता है। डेमो एसडीआरएफ के जवान और जिले के बाढ़ बचाव दल के जवानों द्वारा किया गया। पहले ड्रिल में नाव डूबने से बचाव की कार्यवाही, दूसरे ड्रिल में नाव के माध्यम से ग्रामीणों को बचाने की कार्यवाही, तृतीय ड्रिल में ▶▶| शेष पेज 12 पर

### नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम॥

# तेज रफ्तार वाहन ने 2 आदिवासी युवतियों के साथ उनके सपनों को भी रौंद डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

### खास बातें

- कोंडागांव और बीजापुर की दो पदयात्रियों की दर्दनाक मौत
- दोनों राष्ट्रीय मार्ग में पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए नहीं थे पुख्ता इंतजाम
- नशे में था हाइड्रा चालक, वहीं तेज रफ्तार ट्रैक्टर सीधे पदयात्रियों पर चढ़ गया



नवरात्र में देवी दंतेश्वरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा दर्शन के लिए उत्साह से लबरेज परिजन और साथियों के साथ घर से निकली दो युवतियों को काल ने अपनी चपेट में ले लिया। उनके सपने भी तेज रफ़्तार वाहनों ने रौंद डाले। वहीं परिजनों के लिए जिंदगीभर का दर्द, परिवार के पालन-पोषण और भविष्य की चिंता भी सामने खड़ी हैं। नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार की शाम कोंडागांव और बीजापुर में पदयात्रियों पर तेज रफ़्तार ट्रैक्टर और हाइड्रा ने मौत का काल बनकर कहर बरपाया। जब वे देवी दर्शन के लिए घर से निकली थी। कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लाक के कांटागांव की रहने वाली 25 साल की महादई नेताम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक पिता के निधन के बाद उसके जिम्मे परिवार का पूरा भार था। विधवा मां, 3 छोटी बहन और एक भाई की पढ़ाई और खाने पीने की सभी व्यवस्था उसके उपर थी। उसकी मौत के बाद पढ़ाई तथा भरण पोषण भगवान भरोसे हैं। लोगों ने परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग शासन प्रशासन से की है। वहीं दूसरी घटना भी मंगलवार शाम 7 बजे की हैं। जब 12वीं क्लास की पढ़ाई कर रही बीजापुर की साक्षी नक्का अपनी बहनों और अड़ोस पड़ोस के रहने वालों के साथ पिता के घर से दंतेवाड़ा के लिए निकली थी। बीजापुर एजुकेशन हब के पास तेज रफ़्तार हाइड्रा ने उन्हें चपेट में ले लिया। ये 8 लोग एक साथ थे जिसमें साक्षी की मौत हो गई। दो बहनें घायल हो गई । बताया गया कि 3 साल लगातार देवी दर्शन का साक्षी ने संकल्प लिया था। यह उसका आखिरी साल था जो अधूरा रह गया। पिता पुलिस विभाग में पदस्थ हैं। वह भी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बेलगाम वाहनों पर कोई नियंत्रण नहीं

हर साल शारदीय नवरात्र में दंतेवाड़ा शक्तिपीठ पहुंचने के लिए केशकाल तक से पदयात्री रवाना होते है। कोंटा और भोपालपट्नम राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर पदयात्रियों का समूह दंतेवाड़ा पहुंचता है। पदयात्रियों में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र, छात्राएं, युवक, युवतियां और महिलाएं शामिल रहते हैं। पदयात्रियों के जनसैलाब के बीच एनएच में खड़ी गाड़ियां और बेलगाम तेज रफ़्तार से दौड़ रही वाहनें मौत का कारण बन रही है। लेकिन जगह-जगह थाना-चौकी और मोबाइल वैन होने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। 2 मौत के बाद अब बैग में रेडियम लगाने की पहल हो रही हैं।

### वीआईपी की सुरक्षा और आम लोगों की अनदेखी

शाम और रात की ठंडी शीतल भरे मौसम में पदयात्रियों को सुकून और राहत मिलती हैं। यहीं कारण है कि अधिकांश पदयात्री दिन की गर्मी से बचने शाम और रात में ही पदयात्रा करते हैं। नंगे पैर चलना भी दिन में काफी कष्टप्रद होता हैं। बहरहाल इन दो आदिवासी युवतियों के परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। वीआईपी की सुरक्षा में पुलिस अफसर और जवान काफी सजग और सक्रिय नजर आते हैं। वहीं आम लोगों की अनदेखी साफ नजर आ रही हैं। इसपर भी पुलिस महकमे को संवेदनशील होने की जरूरत है।

## गांजा परिवहन करते 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

मुखबिर की सूचना पर ओडिशा के कालीमेला क्षेत्र से तीन व्यक्ति गांजा लेकर बिना नम्बर की स्कूटी में तेलंगाना की ओर जाने के लिए निकले। तस्करों को 24 सितंबर को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सलीम काका के नेतृत्व में किए गए इस त्वरित कार्रवाई में 8.5 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है।



कोन्टा पुलिस की चेकिंग को देखकर आरोपियों द्वारा रास्ता बदलकर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पौधों की रक्षा, मां की तरह करें: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेवा पखवाड़ा के अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने शहीद हरचंद नाइक शासकीय महाविद्यालय प्रांगण तोकापाल में 250 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में सभी से लगाए गए पौधों की देखभाल एवं सेवा अपनी मां की तरह करने की अपील की ।



कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल के प्राचार्य विधु शेखर झा, सहसचिव अंजू झा, वरिष्ठ सदस्य रतन व्यास ▶▶| शेष पेज 12 पर

### विशेष अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ का आयोजन

## झाड़ू लगाकर गंदगी हटाई, कचरा एकत्र किए और नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिक निगम ने रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज विशेष अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ का आयोजन किया। शुभारंभ मां दंतेश्वरी मंदिर नगरगुड़ी परिसर से किया गया। जहां मंदिर परिसर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया ▶▶| शेष पेज 12 पर



Apna GHAR hi Apni PEHCHAN
मौका ना गवायें
GHAR KA DAAM
बढ़ने से पहले
APNA GHAR BANAYE
BINA KOI BHUGTAN
OFFER VALID FROM 22 SEP - 2 OCT 2025
MEMBER OF CREDAI
Rera Registration Number
CGRERA-P-260518072600148
8889213030
8889012555

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क एंटीरेबीज टीकाकरण नर श्वानों की हुई नसबंदी



**कोण्डागांव।** जिले के पालतू एवं आवारा कुत्तों और बिल्लियों में रेबीज रोग की रोकथाम एवं जनजागरुकता के लिए निःशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण पखवाड़ा 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आज 5 देशी नर श्वानों की नसबंदी सह निःशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण किया गया। यह सर्जरी डॉ. धलेश्वरी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ आरती, डॉ. दिपीका, डॉ. चन्दना उपस्थित रहे। उपसंचालक डॉ एमबी सिंह ने नगरवासियों से अपने पालतू पशुओं का एंटी–रेबीज टीकाकरण कराने के लिए अपील की।

### श्रम विभाग की योजना से गीता नाग बनीं आत्मनिर्भर



**कोण्डागांव।** श्रम विभाग की योजना ने एक बार फिर जरुरतमंद परिवार की जिंदगी बदल दी है। जिला मुख्यालय के भेलवा पदर वार्ड की निवासी गीता नाग आज ई–रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण–पोषण कर रही हैं। आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी हैं। गीता नाग के माता–पिता बुजुर्ग हैं और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। आर्थिक तंगी के कारण रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया था। परिवार के भरण–पोषण की चिंता में गीता कई बार निराश हो जाती थीं।समाजसेवी इना श्रीवास्तव से मुलाकात के दौरान गीता को श्रम विभाग की योजना की जानकारी मिली। योजना के अंतर्गत श्रमिक परिवारों को स्वरोजगार के लिए लोन सुविधा दी जाती है। गीता ने आवेदन किया और जल्द ही उन्हें 50 हजार रुपये का लोन स्वी—त हुआ। इस राशि से गीता ने ई–रिक्शा खरीदा और शहर की गलियों में चलाना शुरू किया। शुरुआती दिनों की कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। धीरे–धीरे आमदनी बढ़ी और उन्होंने कर्ज भी चुका दिया। आज गीता गर्व के साथ कहती हैं कि ई–रिक्शा उनके जीवन का सहारा है। परिवार भी उनकी मेहनत और आत्मनिर्भरता पर गर्व करता है। गीता नाग अब अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।

### नशामुक्त भारत के लिए मैराथन दौड़ होगी 28 को

**कोण्डागांव।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान की जागरुकता के लिए 28 सितंबर को प्रातः 7:30 बजे ओपन मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। दौड़ विकास नगर स्टेडियम ग्राउंड से शुरू होकर ऑडिटोरियम तक होगी। अस्थिबाधित दिव्यांग वर्ग अम्बेडकर चौक से नवोदय विद्यालय होते हुए सामुदायिक

# फूलरथ की हुई दूसरी परिक्रमा, समय पर पहुंची सिंहड्योड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म फूलरथ परिक्रमा नियत समय पर शुरू हुई। सिंहड्यौड़ी से शुरू हुई परिक्रमा जगन्नाथ मंदिर पहुंचने पर विशेष पूजा अर्चना की गई, जिसके बाद दूसरी परिक्रमा पूरी की गई। बुधवार को पहली परिक्रमा देर रात पहुंची थी। लेकिन दूसरी परिक्रमा समय पर पूरी की गई।

गौरतलब है कि पहली परिक्रमा देर से प्रारम्भ हुई थी और देर रात लगभग एक बजे सिंहड्यौड़ी तक पहुंची थी लेकिन दूसरी परिक्रमा समय पर शुरू कि गई जो रात लगभग 9 बजे दंतेश्वरी मंदिर परिसर तक पहुंचाया गया। बारिश के बावजूद रथ खींचने

## जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद परिक्रमा की गई पूरी

### फूलरथ की आज तीसरी परिक्रमा

फूलरथ की इस बार छह दिन परिक्रमा होनी है। 29 सितम्बर को छठवी व अतिंम परिक्रमा होगी। रियासतकालिन परम्परा का निर्वहन करते हुए इस बार भी रथ खींचने के लिए शहर से लगे ग्राम बिलोरी, जमावाड़ा, माड़पाल, मारकेल, कुम्हरावण्ड, तुसैल, जाटम, पंडरीपानी, मारेंगा समेत दो दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। इसके अलावा शहर के कुछ युवाओं ने भी रथ परिक्रमा में अपनी भागीदारी निभाई। परम्परानुसार शुक्रवार को फूलरथ की तीसरी परिक्रमा होगी।



### ग्रामीण कर रहे परम्परा का निर्वहन

बस्तर दशहरा की रियासतकालीन परम्परानुसार रथ को किन किन ग्रामों के ग्रामीण खीचगें यह पूर्व से निर्धारित है। इसी के तहत प्रतिवर्ष ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा फूल रथ को खींचे जाने की परम्परा के चलते बस्तर दशहरा में पहुंचते हैं और परम्परा का निर्वहन कर रहे हैं। दूसरी परिक्रमा सिंहड्यौड़ी से शुरू होकर गोलबाजार, गुरूगोविंद सिंह चौक होते हुए सिंहड्यौड़ी पहुंची इस दौरान रथ परिक्रमा देखने परिक्रमा मार्ग में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व शहर के श्रद्धालुओं ने भी अपना योगदान देते हुए परम्परानुसार रथ परिक्रमा पूरी कराई।

दंतेश्वरी मंदिर के सामने सिंहड्यौड़ी से शुरू हुई फूलरथ की दूसरी परिक्रमा सिरहासार भवन के सामने से होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची यहां विशेष पूजा अर्चना के बाद रथ को गोलबाजार, जयस्तभं, गुरूगोविंदसिंह चौक होते हुए दंतेश्वरी मंदिर स्थित सिंहड्यौड़ी तक वापस पहुंचाया गया। तिथि में परिवर्तन के चलते इस वर्ष 6 दिन फूल रथ की परिक्रमा होगी। हालांकि दशहरा समिति द्वारा पहली परिक्रमा में हुए विलंब को देखते हुए दूसरी परिक्रमा से पूर्व पूरी तैयारी कर ली गई थी। जिसके चलते नियत समय में रथ परिक्रमा हो सका।

## मांग : स्वेच्छा से व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर आंदोलन का किया समर्थन

# यात्री बस चालू कराने कांग्रेस का नगर बंद और चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

नारायणपुर से कोंडागांव को जोड़ने वाला नेशनल हाइवे 130 डी इस समय निर्माणाधीन है। साथ ही नारायणपुर -बारसुर -ओरछा, नारायणपुर अंतागढ़, नारायणपुर - फरसगांव- कांकेर मार्ग जो अन्य जिले को जोड़ने वाली सभी सड़कें अत्यधिक जर्जर और गड्ढे में तब्दील हो चुकी हैं। ठेकेदार ने एक ओर से सड़क निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ते हुए पूरी सड़क को खोद दिया है। उस पर केवल मिट्टी डाल दी है, जिससे सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर एवं कीचड़युक्त हो गई है। यह मार्ग अब दलदली और असुरक्षित हो गया है, जिससे आम जनता को गंभीर असुविधा एवं दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 15 दिनों से इस मार्ग पर यात्री बसों का संचालन पूर्ण रूप से बंद है, जिससे जिले के ग्रामीण इलाकों के लोग यातायात के अभाव में फंसे हुए हैं। मरीजों, छात्रों, कर्मचारियों व्यापारी बाजार हाट व्यापारी और आम नागरिकों की आवाजाही बाधित हो गई है। नारायणपुर कोंडागांव के बीच बंद बस को चालू करवाने और बस का संचालन सुचारु रूप से हो सके तब तक भारी वाहन को रोकने के

- शासन प्रशासन भारी वाहन रोक कर तत्काल यात्री बस शुरू करने को दे प्राथमिकता : कांग्रेस



लिए गढ़बेंगाल चौक मे जिला कांग्रेस, ब्लॉक शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में चक्काजाम आंदोलन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने कांग्रेस कमेटी ने नगर में घूम-घूम कर व्यापारियों से समर्थन माँगा था। जिसमे व्यापारियों ने नगर बंद के कर समर्थन दिया। चक्का जाम कार्यक्रम में

### इनकी रही भागीदारी

कार्यक्रम में पूर्व विधायक चन्दन कश्यप, प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम,जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन देवांगन, प्रदेश कांग्रेस सचिव देवनाथ उसेंडी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्यामबत्ती नेताम, पंडी राम वड्डे, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव वेदबती पात्र, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रशीला कश्यप, कांग्रेस पदाधिकारी शेख तौहीद अहमद, संजय राय, संतोष राव, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, एनएसयूआई प्रदेश सचिव विजय सलाम, एनएसयूआई अध्यक्ष विजय सलाम, शब्बीर बढ़गुजर, देवगांव सरपंच जयराम मंडावी करलखा सरपंच अधारी सलाम, पूर्व सरपंच गढ़ बेंगाल जागोनतिन मंडावी, बिंजली मंडल अध्यक्ष रामसाए ढुग्गा, एडका मंडल अध्यक्ष सुगदू उसेंडी, वरिष्ठ कोंग्रेसी वीपी शुक्ला, सैयद अनवर अली, एवं सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

वक्ताओं ने भाजपा सरकार के ऊपर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान मंत्री केदार कश्यप ने प्रचार करते हुए 1 माह में रोड बना देंगे। लेकिन दो साल में रोड तो नहीं बनी, पुरानी सड़क भी को भी चलने योग्य नहीं छोड़ा। वक्ताओ ने कहा की शासन प्रशासन तत्काल सड़क को चलने योग्य बनवाए। यात्री बस को जल्द से जल्द शुरू करवाएं अन्यथा आगे इससे भी बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

## एकलव्य विद्यालय पहुंची कलेक्टर शिक्षकों और बच्चों से की चर्चा



**फरसगांव।** नगर में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चिचाड़ी में कक्षा दसवीं के छात्र यशवंत मरकाम निवासी सेल्फीपदर लंजोडा ने रविवार की रात छात्रावास के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पालक संघ ने छात्रावास का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं को लेकर जांच के लिए उच्च अधिकारियों से मांग की थी। जिसके बाद गुरुवार की शाम कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चिचाड़ी और कोरगांव का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने दोनों आवासीय विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों से चर्चा भी की। बच्चों के कमरों का निरीक्षण किया । कलेक्टर के द्वारा बच्चों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे अपने दोस्तों एवं शिक्षकों से उन बातों को बताएं। बच्चों से कहा गया है कि अगर वे स्कूल संबंधी या परिवार संबंधी या किसी भी प्रकार की बाहरी दबाव में रहने पर वे अपनी बातों को अपने शिक्षकों या दोस्तों को जरूर बताएं। साथ ही कोंडागांव की टीम द्वारा छात्रावास में काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों से अपनी बातों को साझा करेंगे और बच्चों की समस्याओं को जानेंगे । वही आदिवासी छात्र की मौत के कारण के लिए जांच टीम बनाई गई है । जांच टीम के प्रभारी फरसगांव एसडीएम को बनाया गया है । जांच रिपोर्ट आने के पश्चात दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, तहसीलदार जयकुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम, जिला पंचायत सीईओ, जनपद सीईओ, सहायक आयुक्त , सहित दोनों विद्यालय के प्राचार्य व अधीक्षक उपस्थित रहे ।

- छात्र की आत्महत्या मामले में जांच के लिए टीम गठित

## बैगलेस डे पर बेलोतिपारा में किया एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण

- स्वस्थ बच्चे, सशक्त नारी और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश
- विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम



**कोण्डागांव।** जिले के शासकीय प्राथमिक शाला बेलोतिपारा मसोरा में बैगलेस डे के अवसर पर विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापिका हीना साहू और शिक्षक सरजू प्रसाद के नेतृत्व में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया गया।

वन विभाग के सहयोग से विद्यालय परिसर, पालकों के घरों और गांव की गलियों में आम, काजू, कटहल, मुनगा, आंवला, बेर और गुलमोहर जैसे फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद फत्तु राम मरकाम, एचएमसी अध्यक्ष सुनीता मरकाम, सेवानिवृत्त शिक्षक सांगू राम मरकाम, पंचायत प्रतिनिधि राजेश कुमार, पालक पीलाबाई, नीलवती सुपात्र, लोकचंद मरकाम, सुखराम मरकाम सहित ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

**पर्यावरण संरक्षण का संदेश** – पौधरोपण के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखभाल करेंगे। इस पहल से संदेश दिया गया कि एक पेड़ माँ के नाम, स्वस्थ पर्यावरण हमारे काम। इस तरह बैगलेस डे न सिर्फ बच्चों के लिए खेल–खेल में सीखने का दिन बना, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान का भी प्रतीक साबित हुआ।

## बच्चों की बेहतर देखभाल काउंसलिंग व गुणवत्तापूर्ण वातावरण पर दें विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज समय–सीमा की बैठक में विभागीय अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आश्रम–छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर बच्चों की बेहतर देखभाल और सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने शामिल गांवों के लिए विलेज विजन प्लान तैयार करने हेतु ग्रामीणों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, आदि सेवा केंद्र के शुभारंभ और आदि योगियों के पंजीयन को गति देने पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि नोडल अधिकारी निरीक्षण के दौरान छात्रवासों में साफ–सफाई व्यवस्था, बच्चों की ड्रेस और जूतों की स्थिति पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन समय पर मिले, भवनों में पर्याप्त रोशनी हो और सभी छात्रावासों में रीडिंग रूम, डाइनिंग रूम और कार्यशील कम्प्यूटर कक्ष अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**काउंसलिंग और संवाद पर जोर** – कलेक्टर ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बल देते हुए कहा कि समय–समय पर काउंसलिंग सत्र आयोजित की जाए। विभागीय अधिकारी बच्चों से लगातार संवाद करें और उन्हें एक बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएं। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, डीएमएफ और नीति आयोग से स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी कामों को गुणवत्ता और समय–सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है जब नागरिक स्थानीय उत्पादों और व्यावसायों को अपनाएं

**नारायणपुर।** ग्राम बड़े जम्हरी में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "एक पेड़ मां के नाम" के तहत पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण था 'आत्मनिर्भर भारत और लोकल फॉर वोकल, स्वदेशी समान' विषय पर संगोष्ठी। यह संगोष्ठी पंडित दीनदयाल के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर आधारित थी और स्थानीय जनता को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित रही। कार्यकम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कोंडागांव दीपेश अरोरा ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने संगठन निर्माण और राष्ट्र निर्माण में समान रूप से उत्कृष्ट योगदान दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करके स्थानीय उद्योगों को मजबूती दें और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में योगदान करें। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग और स्थानीय कारीगर देश की आर्थिक रीढ़ हैं और उन्हें प्रोत्साहित करना आज की आवश्यकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार ने कहा कि पंडित दीनदयाल के विचार आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पाद अपनाने और स्थानीय व्यवसायों को समर्थन देने से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सकता है। अध्यक्ष जिला पंचायत नारायण मरकाम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरुकता फैलाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे लोकल फॉर वोकल, स्वदेशी सामान



खरीदें और देश की प्रगति में भागीदार बनें। संगोष्ठी के दौरान विशेष जोर इस बात पर दिया गया कि आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है जब नागरिक स्थानीय उत्पादों और व्यवसायों को अपनाएं। लोगों ने इस पहल को सराहा और इसके लिए व्यक्तिगत रूप से योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की शिक्षाओं और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने पौध रोपण में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री, संदीप कुमार झा व आभार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक संतनाथ उसेंडी ने किया।

**इन्होंने भी किया संबोधित**-कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम, भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन, एवं ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमनाथ उसेंडी* ने भी अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल के जीवन और उनके सिद्धांतों को साझा करते हुए लोगों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

# बेल कांटों के बिछौना पर लेटकर छाती पर भक्त ने जलायी आस्था की ज्योति

**धनोरा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ दुर्गा की भक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए केशकाल ब्लॉक के धनोरा तहसील मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर ग्राम बिंझे निवासी सोमारु सोमनाथ कोमरा ने इस वर्ष भी अपनी आस्था का अनूठा संकल्प लिया है। उन्होंने नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही अपनी छाती पर ज्योति कलश धारण किया है। नीचे बेल के काँटों का बिछौना बनाकर नौ दिनों तक इसी अवस्था में रहकर माँ दुर्गा की साधना करने का निर्णय लिया है।

ग्रामवासियों के अनुसार सोमारू कोमरा लंबे समय से बीमार थे और चलने-फिरने में



असमर्थ होकर लाठी के सहारे जीवनयापन कर रहे थे। वर्ष 2024 में उन्होंने पहली बार नवरात्रि पर छाती पर ज्योति कलश धारण करने का संकल्प लिया था। आश्चर्यजनक रूप से नवरात्रि पूर्ण होने तक उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक हो गया। इस चमत्कारिक परिवर्तन को उन्होंने माँ दुर्गा की कृपा माना और तभी से उनकी आस्था और गहरी होती चली गई। इसी श्रद्धा के चलते इस वर्ष उन्होंने बेल के काँटों पर लेटकर साधना करने का निश्चय किया है।

### माता रानी की शरण लेने से सारी पीड़ा दूर हो गई: सोमारू

भक्त सोमारू कोमरा का कहना है कि उन्होंने छह महीनों तक अपनी बीमारी के इलाज के लिए जगह-जगह भटकते हुए काफी कष्ट झेला, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली। अंततः नवरात्रि पर माता रानी की शरण लेने से उनकी सारी पीड़ा दूर हो गई। वे बताते हैं कि अब उनके शरीर में किसी भी प्रकार का दर्द शेष नहीं है और वे स्वयं को पूर्णतः स्वस्थ महसूस करते हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि सोमारू कोमरा का अटूट विश्वास पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी श्रद्धा और भक्ति की बातें सुनकर हर किसी का हृदय भक्ति-भाव से रोमांचित हो उठता है। माता रानी के अनन्य भक्त सोमारू कोमरा का यह संकल्प न केवल व्यक्तिगत आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में आस्था और विश्वास की शक्ति का प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

## पेज 11 के शेष

### तेज रफ्तार वाहन...

पुलिस अफसर बनने की सोच के साथ एजुकेशन हब में रहकर पढ़ाईकर रही थी। बताया गया कि वह काफी होनहार छात्रा थी।

### बाढ़ आपदा से...

डीप डायविंग रेस्क्यू पार्टी, अंडर वाटर अलेंडर की कार्रवाई की गई।
**ये रहे उपस्थित**- इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, डिप्टी कलेक्टर सत्येन्द्र बंजारे सहित पुलिस, स्वास्थ्य विभागों के साथ ही राज्य आपदा मोचन बल और नगर सेना के दल एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### गांजा परिवहन...

तेलंगाना की ओर भागने का प्रयास किया गया। जिसे पुलिस पार्टी द्वारा पीछाकर पकड़ा गया। गिरफ्तार तस्करों में सवलम प्रकाश पालवंचा जिला भद्राद्री कोत्तागुडेम, शेख सबीर पालवंचा भद्राद्री कोत्तागुडेम गंगापुरी एवं श्रीचंद्रा पालवंचा जिला भद्राद्री कोत्तागुडेम को गिरफ्तार किया गया है। अवैध गांजा एवं नई होण्डा डियो मोटरसाइकिल की अनुमानित कीमत दो लाख बताई गई है। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण, एएसपी रोहित शाह व अभिषेक वर्मा के मार्ग निर्देशन एवं रजत नाग, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोन्टा के पर्यवेक्षण में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है।

### पौधों की रक्षा...

उपस्थित थे। संचालन अर्पणा सिंह व्याख्याता सेजेस तोकापाल ने किया। कार्यक्रम में विनायक गोयल विधायक, बैदूराम कश्यप पूर्व विधायक, बलदेव मण्डावी जिला पंचायत उपाध्यक्ष बस्तर, पद्मिनी कश्यप जिला पंचायत सदस्य, कामदेव बघेल, संपति नाग, रामबती भण्डारी अध्यक्ष जनपद पंचायत तोकापाल ,रितेश दास जोशी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तोकापाल, लखमी कश्यप ,सरपंच ग्राम पंचायत तोकापाल, ,सत्येंद्र प्रसाद तिवारी उप सरपंच एवं भाजपा मंडल तोकापाल के अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, देवी प्रसाद बंजाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष दरभा एवं वन विभाग के अधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### झाड़ू लगाकर गंदगी...

गया। लोगों ने झाड़ू लगाकर गंदगी हटाई, कचरा एकत्र किया और स्वच्छता के महत्व पर नागरिकों को जागरूक किया। महापौर संजय पांडे ने कहा स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य से जुड़ी है बल्कि यह हमारे शहर की पहचान और संस्कृति का भी प्रतीक है। एक दिन, एक घंटा, एक साथ जैसे अभियान लोगों में जिम्मेदारी और सामूहिकता की भावना जगाने का माध्यम हैं। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा जब लोग स्वयं आगे आकर सफाई करते हैं तो स्वच्छता आदत में शामिल हो जाती है। अंत में सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। वहीं वाकथान मां दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर गोल बाजार चौक, मिताली चौक होते हुए नगरगुड़ी के सामने संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकों ने भाग लिया। वाकथान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और स्वच्छ शहर बनाने का संदेश दिया गया।
**ये रहे मौजूद**–कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, संग्राम सिंह राणा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद उमा मिश्रा, संतोष गौर, कुबेर देवांगन, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रामनरेश पांडे, रतन व्यास, कोटेश्वर नायडू सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में : मनीष



**गीदम।** जिला संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनीष देवांगन ने कहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। प्राचार्य पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शिक्षक आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। आरोप है कि शिक्षकों को लगातार दबाव, अपमानजनक व्यवहार और मनमानी कार्यप्रणाली का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका मनोबल टूट रहा है। शिक्षकों का कहना है कि जब उन्हें ही सम्मान और सहयोग नहीं मिलेगा तो शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होना तय है। आंदोलनरत शिक्षकों ने मांग की है कि जिला प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप कर तत्काल समाधान निकाले।

### एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**भानुपुरी।** एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं का लगातार निरीक्षण व मोनिटरिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओं तक पहुंचकर निरीक्षण के साथ-साथ शिक्षकों से सतत सम्पर्क कर शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है। दूरस्थ अंचल की शाला,संकुल पश्चिम टेमरा के अंतर्गत प्राथमिक शाला कुरुषपाल, माध्यमिक शाला कुरुषपाल, प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला पश्चिम टेमरा सहित बालक आश्रम शाला का भी निरीक्षण किया गया।

# एनएच 30 का बुरा हाल, दरभा घाट आये दिन जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा



बस्तर को दक्षिण भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 30 की हालत इन दिनों बुरी स्थिति में है। जगह-जगह बड़े गड्ढों से जनता परेशान हैं तो दूसरी ओर वाहनों को भी काफी नुकसान हो रहा है। कई जगह गड्ढे इतने बड़े हैं कि बड़ा हादसा की आशंका है।

केशलूर से तोंगपाल तक की सड़क इतनी जर्जर हैं कि वाहन तो दूर पैदल चलना मुश्किल हैं। आये दिन दरभा घाट मे बड़ी वाहनों के फंसने से हर दिन घंटो गाड़ियों की जाम लग रही हैं। आये दिन राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। केशलूर से लेकर दरभा घाट तक यही हाल है। हालांकि दरभा घाट में विभाग द्वारा साइड पटरी डाली गई है। लेकिन सड़क पर वही चिकनी मिट्टी कीचड़ बनकर भारी वाहनों को मुश्किल में डाल रही हैं जिसकी वजह से चलना मुश्किल हो गया हैं। दुपहिया और चारपहिया वाहन सबकी हालत खराब है।

सुकमा से जगदलपुर 100 किमी का सफर तय करने में 5 घंटे लग जाते है। अगर बस के माध्यम से जगदलपुर जाना हो तो यात्रियों का बुरा हाल हो जाता है। एनएच 30 में दिन-रात ट्रैफिक ज्यादा रहता है क्योंकि बस्तर को दक्षिण भारत से जोड़ने वाली प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग है। उसके बावजूद विभाग की अनदेखी के कारण सड़क की हालत जर्जर हो चुकी हैं। सोमवार और मंगलवार को कई गाड़ियों के फंसे रहने से घंटो तक दरभा घाट जाम की स्थिति में रही। वहीं दरभा एवं कामानार पुलिस लगातार सड़क में किसी गाड़ी के फंसने पर सड़क को बहाल करने में लगे हैं। बताया जा रहा है कि ठेकेदार द्वारा समय पर सड़क के मरम्मत कार्य नहीं किया गया जिसके कारण सड़क पुरी तरह खराब हो गइहै। जिलेवासियों के अलावा अन्य राज्यों से भी आवागमन करने वाले राहगीर परेशान हो रहे है।

## संसाधनों और रेस्क्यू तकनीकों का हुआ समग्र प्रदर्शन

# पानी में फंसे लोगों को बचाने किया मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए के दिशा-निर्देशों के तहत भैरमगढ़ ब्लॉक के मंगलनार घाट के पास इंद्रावती नदी पर बाढ़ आपदा से निपटने हेतु एक विस्तृत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित बाढ़ आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की तत्परता का परीक्षण करना और जनता को जागरूक करना था। मॉक ड्रिल की शुरुआत दो नागरिकों के बाढ़ में फंसे होने की सूचना के साथ हुई, जिसके पश्चात जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन दल एवं नगर सेना ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। फंसे हुए व्यक्तियों को हेलिकॉप्टर की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके अलावा, शंखनी नदी पर बांगापाल के समीप पुल टूटने की काल्पनिक स्थिति का भी अभ्यास किया गया, जिसमें तेजी से राहत एवं पुनर्वास कार्य किए गए।

■ भैरमगढ़ में इंद्रावती नदी पर बाढ़ आपदा मॉक ड्रिल

**बाढ़ राहत के लिए अत्याधुनिक संसाधनों का उपयोग-**

इस मॉक ड्रिल में मोटर बोट, लाइफ जैकेट, रस्सियाँ और अन्य बचाव उपकरणों का प्रभावी उपयोग कर बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया गया। राहत दलों द्वारा जलमग्न क्षेत्रों में मोटर बोट के माध्यम से पहुंच बनाकर स्थानीय नागरिकों की मदद की गई। राहत कार्यों के दौरान एंबुलेंस की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की गई और प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

**स्वास्थ्य जांच और पेयजल की व्यवस्था-**

राहत शिविरों में अस्थायी मेडिकल कैंप लगाए गए, जहाँ प्रभावितों की स्वास्थ्य जांच की गई और जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही, जल स्त्रोतों का परीक्षण कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की गई ताकि संक्रमण की आशंका को रोका जा सके।

**राहत शिविरों में समुचित व्यवस्था-**

प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा और रहने की समुचित व्यवस्था की गई। महिला, बुजुर्ग और बच्चों की विशेष देखभाल हेतु समर्पित टीमों की तैनाती की गई। पशुओं के लिए भी अस्थायी आश्रय और चिकित्सा की व्यवस्था की गई।

**विभागों का समन्वय और जागरूकता अभियान-**

इस अभ्यास में पुलिस, नगर सेना, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, पशु चिकित्सा, स्वयंसेवी संगठन, पटवारी, कोटवार सहित सभी आवश्यक विभागों की समन्वित भागीदारी रही। बाढ़ से पूर्व, दौरान और बाद में की जाने वाली तैयारियों का अभ्यास एक

## त्वरित बचाव तकनीक का राहत टीम ने किया पूर्वाभ्यास



**दंतेवाड़ा।** नगर सेना की आपदा प्रबंधन टीम द्वारा आज कारली और भैरमबंद तालाब में मॉक ड्रिल किया गया। जिले में दंतेवाड़ा, गीदम और बारसूर क्षेत्रों में बसे नदी किनारे के गावों में बाढ़ आपदा की आशंका रहती है। ऐसी विकट परिस्थिति में जानमाल के नुकसान से बचाव हेतु राहत टीम द्वारा किये जाने वाले त्वरित कार्यवाहियों का स्टेप बाई स्टेप पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अमले के साथ गोताखोरों के दल द्वारा बोट, लाईफ जैकेट के माध्यम से बाढ़ आपदा के तहत जलधार में फंसे ग्रामीणों को बचाने का क्रियाकलाप किया गया। जिसके चलते तालाब के दूसरे किनारे पर प्रभावित ग्रामीणजनों को पहले से ही रखा गया था जिन्हें सायरन सिस्टम के माध्यम से पूर्व चेतावनी दी जा रही थी। साथ ही माइक के माध्यम से बचाव दल को गाइड किया जा रहा था। इस प्रकार बचाव प्रक्रिया के पूरे उपायों को अमल में लाया गया। इसके अलावा ऐसी स्थिति में बचाये गए ग्रामीणों को फौरी राहत देने का भी अभ्यास हुआ। इसके तहत मौके पर स्वास्थ्य अमलें ने एंबुलेंस में पीड़ित लोगों को ले जाने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, प्राइमरी किट एवं चिकित्सक उपचार साथ ही जीवनरक्षक दवाइयां देने की प्रक्रिया भी की गई एवं उनके पालतू पषुओं को भी राहत उपचार दिया गया। इसके अलावा मॉक ड्रिल के दौरान ही राहत केंद्र भी बनाये गए थे। जहां लोगों को राहत सामग्री देने, और ठहरने की व्यवस्था का प्रदर्षन संपन्न हुआ। कुल मिलकार कारली और भैरमबद ग्राम में इस प्रकार आपदा से निपटने की तैयारियों की पूरी रिहर्सल की गई। मॉक ड्रिल के पश्चात संयुक्त कलेक्टर ने बाढ़ आपदा से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा की पहल

# रेडियम स्ट्रिप से चमकेगी आस्था की राह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

नवरात्र के पावन अवसर पर मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के दर्शन को निकलने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा अब और भी पुख्ता होगी। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं नगर पालिका परिषद सुकमा के वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद सुनील यादव ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा के लिए सराहनीय पहल की है।

■ युवा कांग्रेस नेता सुनील यादव का अभिनव कदम

अक्सर अंधेरे में पदयात्री श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर खतरा मंडराता है। इसको ध्यान में रखते हुए सुनील यादव ने श्रद्धालुओं के बैग और टी-शर्ट पर चमकने वाले रेडियम स्ट्रिप्स लगाने की व्यवस्था की है। इन स्ट्रिप्स की वजह से श्रद्धालु दूर से ही वाहन चालकों को दिखाई देंगे और दुर्घटनाओं की आशंका काफी हद तक कम हो जाएगी। माँ दंतेश्वरी के दरबार तक श्रद्धालुओं का पैदल सफर अब पहले से ज्यादा सुरक्षित होगा। यह पहल श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है और लोग इसे आस्था के साथ सुरक्षा का संगम बता रहे हैं। इस मुहिम में स्थानीय युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। बाबू ठाकुर, मनीष ठाकुर, सैयद सुल्तान और बलराज राव ने मिलकर श्रद्धालुओं को रेडियम स्ट्रिप्स बांटे और सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

### वाहन चालकों से अपील

पार्षद सुनील यादव ने श्रद्धालुओं और जनता के नाम अपने संदेश में कहा, आप सभी वाहन चालक रात्रि के समय सावधानी बरतें, सड़क पर चलते पदयात्रियों के बैग और टी-शर्ट पर लगे चमकते रेडियम स्ट्रिप्स पर ध्यान दें। आपकी जागरूकता ही उनकी सुरक्षित यात्रा की कुंजी है।

# नाईका कंपनी की फ्रेंचाईजी के नाम पर ठगी करने वाले शातिर गिरोह का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर पुलिस ने नाईका कंपनी की फ्रेंचाईजी देने के नाम पर ठगी करने वाले शातिर गिरोह के 5 सदस्यो को बिहार व झारखण्ड से गिरफ्तार किया गया है।

11 लाख रूपए से अधिक की ठगी करने वाले आरोपियों के कब्जे से दर्जनों मोबाईल, पासबुक व एटीएम जब्त किया गया है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में बताया मामले में पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार पांच आरोपियों में तीन आरा छपरा जिला छपरा तथा दो आरोपी नवादा बिहार के रहने वाले हैं। आरोपियों द्वारा प्रार्थी से फ्रेंचाईजी देने के नाम पर लगभग 11.50 लाख रुपए की ठगी की गई थी। रेंज साइबर पुलिस थाने में अपराध कायम कर विवेचना कर कार्रवाई की गई है। आरोपियों के कब्जे से दर्जनों मोबाईल, पासबुक व एटीएम जब्त किया गया है वहीं पुलिस द्वारा 3 लाख 55 हजार रूपए होल्ड कराया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों मे लाखों रूपए ठगी का मामला दर्ज है। आरोपी देश के अलग-अलग राज्यों में मकान किराये पर लेकर मनरेगा में काम दिलाने के नाम पर खातो को खोलकर उनका उपयोग साइबर ठगी के प्रकरणों में किया जाता था। आरोपी कांकेर जिले में भी मकान किराये में लेकर मनरेगा के नाम पर बैंक खाता खुलवाया गया। आरोपियों द्वारा 150 से अधिक फर्जी बैंक खातो को खोलकर इनका उपयोग साइबर फ्रॉड के लिए किया गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी देवांश कुमार बजाज ने बताया कि 28 मार्च से 14 अप्रेल 2025 के बीच आरोपियों द्वारा नाईका कंपनी की फ्रेंचाईजी में दिलाने के नाम पर प्रार्थी से कुल 11 लाख 65 हजार 5 सौ रूपए की ठगी को अंजाम दिया गया।

## तृतीय दोरला समाज स्थापना दिवस आज संभाग कार्यकारिणी का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा



बीते तीन वर्ष पहले बस्तर संभाग में 26 सितंबर 2021 को दोरला समाज का स्थापना हुआ था। जिसका संभाग स्तरीय तृतीय वार्षिक स्थापना दिवस बीजापुर जिला के आवापल्ली में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

समाज प्रमुखों से मिली जानकारी अनुसार दोरला समाज के रजिस्ट्रेशन पश्चात तीन वर्षों तक जो जिला व ब्लॉक इकाई का कार्यकारिणी बनाई गई थी। उसे परिवर्तन करने हुए नए कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। और तृतीय स्थापना दिवस के इस हर्षोल्लास के साथ संभाग स्तरीय कार्यकारिणी का गठन भी 26 सितंबर के कर लिया जायेगा । बीते दिन गुरुवार के कोंटा ब्लॉक इकाई व जिला इकाई के समाज प्रमुख बड़ी संख्या में बीजापुर के आवापल्ली में होने वाले तृतीय स्थापना दिवस को लेकर रवाना हुए। ज्ञात हो कि दोरला समाज के बैनर तले गठित इस समाजिक संगठन का पहला शपथ ग्रहण कार्यक्रम कोंटा ब्लॉक के ढोण्डरा ग्राम पंचायत में संपन्न हुआ था। समाज के लोगों को शिक्षित व अंधविश्वास से दूर करने जीवन स्तर ऊपर उठाने एकजुटता लाने तथा सांस्कृतिक परंपराओं को बचाने अपने अधिकारों के लिए जैसे विभिन्न मूल उद्देश्यों को लेकर बनाई गई दोरला समाज गठन को लेकर कई जिलों के समाज प्रमुख आवापल्ली में तृतीय स्थापना दिवस मनाने शुक्रवार के इक्कठे होंगे ।

# कुड़कानार से उभरे होनहार हॉकी सितारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोण्ड



बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत कुड़कानार के 6 होनहार खिलाड़ियों का चयन 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो कि 27 से 30 सितंबर तक राजधानी रायपुर में आयोजित की जा रही है। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि से समूचे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

■ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रायपुर रवाना

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 3 बालक वीर सिंह, शुभांशु, पवन ठाकुर, और 3 बालिकाएं कु. सरस्वती बघेल, कु. शिवानी बघेल, तथा कु. रोशनी कश्यप का चयन किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों को हॉकी का प्रशिक्षण कोच एवं शिक्षक नीरज कुंजाम द्वारा प्रदान किया गया। इन प्रतिभाशाली बच्चों के चयन पर अनेक शिक्षकों, अधिकारियों, एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, बीआरसी अज्जबर कोर्राम, संकुल प्राचार्या अंजना पचौरी, प्रधान अध्यापक धीरेंद्र यादव, सीएसी आयतु राम पाढ़े, कार्तिक यादव, आशीष पांडेय, भुवनेश्वर ठाकुर, अनिल ठाकुर, दयाराम बघेल, मो. साहिबा, फूल सिंह यादव, आभा प्रीति एक्का, ममता ठाकुर, शिल्पा शार्वा, पीलू राम कश्यप, ग्राम सरपंच सामो कश्यप, एवं उप सरपंच हेमनाथ पटेल ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

यह चयन केवल खिलाड़ियों के लिए ही नहीं बल्कि कुड़कानार जैसे ग्रामीण अंचल के लिए भी गौरव की बात है। इस अवसर ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बस आवश्यकता होती है सही मार्गदर्शन और अवसर की।

## बस स्टैण्ड में साफ सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

नगर पालिका बड़े बचेली में रजत उत्सव के तत्वावधान में एक घंटा एक साथ थीम पर आज स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। आयोजन जिला कार्यालय के मार्गदर्शन में किया गया। आज सुबह 8 से 9 बजे तक सफाई अभियान अंतर्गत एक घंटे सफाई का मुहिम लोगों को जागरूक करने एवं एकत्र हो कर नगर को स्वच्छता में आगे बढ़ाने हेतु किया गया था। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका बड़े बचेली राजू जायसवाल ने नगर के आम नागरिकों को सम्बोधित करते कहा कि यह एक कार्यक्रम नहीं यह स्वच्छता के प्रति एकजुट होना एकता को दर्शाता है कि आओ सभी एक साथ मिल कर समय निकालें स्वच्छता के लिए और नगर को स्वच्छ साफ सुथरा बनाये। हम स्वच्छ तो नगर स्वच्छ का नारा दिया। पीआईसी स्वच्छता प्रभारी धनसिंग नाग ने सम्बोधित किया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है और जीस तरह से नगर में स्वच्छता का माहौल है आने वाले दिनों में नगर राज्य में अव्वल रहेगा और यह सब नागरिकों पर निर्भर करता है। इस दौरान नगर के बस स्टेण्ड में साफ सफाई की गयी। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी, बड़े बाबू विष्णु मंडावी, स्वच्छता प्रभारी मिलिंद बारीक़, हेमंत मंडावी, अनिशा निहलानी, पूरनबती, सपना, रणविजय एवं नगर पालिका के स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहें।

## प्रतिभागियों से रूबरू हुए बड़े चकवा के उपसरपंच



**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत बड़े चकवा जनपद पंचायत बस्तर के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने पहली बार देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था संसद भवन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। यह अवसर उन्हें इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी द्वारा आयोजित 11 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मिला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, राजनीति में उनकी सार्थक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और उन्हें सामाजिक परिवर्तन की दिशा में तैयार करना है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को विचार-विमर्श, समूह चर्चा और नेतृत्व अभ्यास जैसी गतिविधियों से परिचित कराया गया। इसी क्रम में संसद भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को गोलाकार संसद भवन की भव्य संरचना, विशाल स्तंभ और अद्भुत वास्तुकला के बारे में बताया गया।

## एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक रविंद्र नारायण से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल में 56 वर्षों बाद पहली बार व्यापारियों ने चुनाव के माध्यम से पदाधिकारी का चयन किया। जिसमें जय माता दी पैनल के सभी प्रत्याशियों ने भारी बहुमत से विजय हासिल की। व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम सोनी अपने सभी पदाधिकारी के साथ आज एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक रविंद्र नारायण से सौजन्य भेंट कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें मुख्य बाजार के प्रारंभ में गड्ढे में आदिवासियों के लिए बने शेड का डिस्मेंटल कर सड़क लेवल में बनाने एवं त्योहारों के समय नगर के सामाजिक भवनों द्वारा परिसर में बाहरी व्यक्तियों के लिए सेल लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। सौजन्य भेंट में व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम सोनी, सचिव राज प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय सोनी, सुषमा साहू, सह सचिव शेखर दत्ता मोहित धवन, कोषाध्यक्ष विशाल जैन के साथ संचालन समिति के पदाधिकारी रविंद्र सोनी, विप्लव मल्लिक, बंटी अरोड़ा शामिल थे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202509161800008/ अ-2/2024-25

ग्राम-कारली, प.ह.नं.-09, तहसील- गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री सियम्बर यादव पिता श्री महादेव यादव निवासी कारली, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 8770667619 के द्वारा छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम–कारली, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. गीदम तहसील - गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 2438/1 रकबा 0.7420 हे. में से रकबा 0.020 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू–खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 03/10/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// ईशतहार//**

रा.प्र.कं./202509151000041/ब-121/2024-25

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रसो राम पिता स्व. बेनीराम जाति हल्बा ग्राम बड़ांजी तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में अपने पिता का शासकीय कार्य हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना चाहता है। आवेदक अपने पिता स्व. बेनीराम पिता रामधर का मृत्यु दिनांक 10/05/1995 दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी दिनांक 26/09/2025 को नियत किया गया है, यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत बड़ांजी के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

जारी दिनांक 12/09/2025

मुहर — तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 581/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुरसोराम नेताम पिता स्व. रेनु नेताम जाति भतरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. रेनु नेताम निवासी ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. रेनु नेताम पिता स्व.रतन ग्राम करपावण्ड का दिनांक 09/08/2024 को मृत्यु हुई है। आवेदक कुरसोराम नेताम पिता स्व. रेनु नेताम जाति भतरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. रेनु नेताम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/09/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

**शपथ पत्र**

मैं रवि कुमार नत्थानी पिता श्री गोपाल दास नत्थानी, उम्र 41 वर्ष, निवासी गुजराती सदन गली, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, जगदलपुर, जिला बस्तर, छग का होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

1. यह कि मेरी पुत्री का सही नाम 'सुरभि नत्थानी' (SURABHI NATTHANI) है जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एव उसकी कक्षा दसवी की अंकसूची वर्ष 2024 में अंकित है।
2. यह कि मेरी पुत्री के नाम पर जारी आधार क्रमांक 3341 2024 4827 में उसका नाम रिया नत्थानी RIYA NATTHANI दर्ज है। रिया घर पुकार नाम है। नत्थानी हमारा उपनाम है।३
3. यह कि "सुरभि नत्थानी" (SURABHI NATTHANI)' एवं 'रिया नत्थानी' 'RIYA NATTHANI* दोनों नाम वाली बालिका एक ही है अर्थात मेरी पुत्री ही है।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री सुरभि नत्थानी के आधार कार्ड सें उसका घर पुकार नाम रिया नत्थानी विलोपित करवाकर उसका वास्तविक नाम सुरभि नत्थानी दर्ज करवाना चाहता हूं। इस हेतु मैं छग राजपत्र में प्रकाशन करवाना चाहता हूं।
5. यह कि मैं उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### यात्री सेवा केंद्रों में हो रेडियम की व्यवस्था : देवांगन

**जगदलपुर।** नवरात्रि के अवसर पर मां दंतेश्वरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। सड़कों पर पद यात्रियों की संख्या बढ़ने पर



दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। वरिष्ठ अधिवक्ता सपन देवांगन ने जारी बयान में अपील की है कि पद यात्री स्वयं अपने बैग,कपड़े में रेडियम लगाकर दुर्घटना से बचें। प्रशासन, सभी सामाजिक संगठनों एवं व्यक्तिगत रूप से पदयात्रियों की सेवा के लिये लगाये गये पदयात्री सेवा केंद्रों में रेडियम अनिवार्य रूप से रखा जाय। जिन पदयात्रियों के बैगों में रेडियम की पट्टी नहीं है उन यात्रियों के बैगों में रेडियम अवश्य लगवाए ताकि हाइवे में वाहन चालकों को दूर से ही रेडियम दिखाई दे और वाहन चालक सावधानी से वाहन चला सके । वाहन चालकों से भी अपील करते हुए कहा कि नवरात्रि के दौरान डीपर लाइट का उपयोग करें एवं वाहन को इन दिनों सावधानी पुर्वक चलाऐ।

### विद्युत लाईनों से छेड़छाड़ न करें

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के अंतर्गत 33 केव्ही लाईन, 11 केव्ही लाईन एवं निम्नदाब लाईनों के नीचे किसी प्रकार की आयोजन पण्डाल का निर्माण न करें, ताकि किसी भी अप्रिय विद्युत दुर्घटना से बचा जा सके। 33 केव्ही लाईन, 11 केव्ही लाईन एवं निम्नदाब विद्युत लाईनों से छेड़छाड़ न करें एवं उचित दूरी बनाएं रखें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि दुर्गोत्सव के पंडाल विद्युत लाईन से दूर रखें।

### एनआरएलएम में एचआर के विरुद्ध जिला पंचायत सदस्य ने खोला मोर्चा

**जगदलपुर।** जिला पंचायत सदस्य वनवासी मोर्य ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र भेज एनआरएलएम कर्मचारी के विरुद्ध मोर्चा खोल उसे सबंधित कार्यस्थल से हटाने की मांग की है। पत्र में उल्लेख करते जिला



पंचायत सदस्य मोर्य ने आरोप लगाते कहा कि,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) में एचआर के रूप में पदस्थ राजकुमार देवांगन एचआर के विरुद्ध गंभीर आरोप दर्ज हुए हैं। मोर्य के अनुसार देवांगन पर एक विधवा महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने एवं शारीरिक शोषण किए जाने के संबंध में थाना बोधघाट एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना में प्रकरण दर्ज किया गया है,तथा उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मोर्य ने जारी पत्र में कहा कि उक्त व्यक्ति पर पूर्व में भी अन्य महिलाओं द्वारा शिकायत की गई है,एवं उनके द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वित्तीय अनियमितताओं को अंजाम देने के आरोप लगाए गए हैं।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने चूल्हे में चढ़े गंज में सब्जी की जांची गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## आत्मानंद स्कूल नानगुर में बच्चों से पूछे सवाल





### उलनार स्कूल में लगाए पौधे

जिला शिक्षा अधिकारी उलनार के मिडिल स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए। वहां बागवानी देखकर प्रसन्नता जताते शिक्षकों के काम को

जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल गुरूवार की सुबह औचक निरीक्षण में स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे। जहां सबसे पहले रसोई कक्ष में जाकर उन्होंने भोजन में क्या बन रहा है उसकी महिला समूह सदस्य से जानकारी ली। एक गंज में चावल पक कर तैयार था। दूसरा गंज चूल्हे में चढ़ा था, जलाऊ लकड़ी से सब्जी तैयार हो रही थी। उन्होंने रसोई बना रही महिला से चाटु मांगा और गंज के ढक्कन को हटाकर सब्जी में चाटु फेरते हुए गुणवत्ता की जांच की। डीईओ ने महिलाओं से कहा कि बच्चों को हमेशा पौष्टिक और ताजा भोजन खिलाओ। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो अच्छे से पढ़ाई कर सकेंगे।

बासी और बिना साफ किए हुए अनाज और साग सब्जियों का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। रसोईयों से उन्होंने मिनु के अनुसार सोमवार से शनिवार तक तैयार होने वाले भोजन की जानकारी ली। उसके बाद वे 6वीं से 8वीं तक के क्लास रूम में पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई को लेकर सवाल किए।

बच्चों से भविष्य में क्या बनना चाहते हो यह पूछने पर कोई डाक्टर तो कोई पुलिस अफसर बनने की बात कहीं। डीईओ ने उन्हें पुलिस आरक्षक से डीएसपी तक बनने के लिए किए जाने वाली कड़ी मेहनत और ईमानदार प्रयास करने की बात समझाई। उसके बाद स्टाफ रूम में बैठक लेकर स्टाफ की जानकारी ली। बताया गया कि नई पदस्थापना होने से अब रिक्त पदों की पूर्ति हो गई है।

## फिर निम्न दाब के संकेत, अंचल में एक-दो दिनों तक बारिश के आसार

# वायुमंडल में बन रहे सिस्टम से अंचल में हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



### अगले दो दिनों तक भारी वर्षा की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी के अनुसार उत्तर-पश्चिम और समीपवर्ती पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तथा समीपवर्ती दक्षिण ओडिशा-उत्तरी आंध्र प्रदेश तटों पर ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से,अगले 2 दिनों तक दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है, जिसके बाद इसमें कमी आएगी।

दक्षिण पश्चिम मानसून के एन विदाई वेला में वायुमंडल में लगातार बन रहे सिस्टम की वजह से बस्तर अंचल के सभी जिलों में बारिश का प्रभाव देखा जा रहा है। पिछले 3-4 दिनो से हल्की से मध्यम और रात में मूसलाधार बारिश जारी है। लगातार वर्षा से तापमान में भी कमी आई है। ठंड हवा के चलते अब लोग बारिश के साथ ठंड दोहरी परेशानी से जूझने को मजबूर है।

उत्तर-पश्चिम और समीपवर्ती पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तथा समीपवर्ती दक्षिण ओडिशा-उत्तरी आंध्रप्रदेश तटों पर ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से अगले 2 दिनों तक दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है, जिसके बाद इसमें कमी आएगी।

पिछले 24 घंटों में पूरे प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर वर्षा हुई। बस्तर संभागों के कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा हुई। गुरुवार को प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया। अंतागढ़ में सर्वाधिक 80 एमएम रिकॉर्ड किया गया। वही छोटेडोंगर 70 एमएम, चारामा 70 एमएम, भानुप्रतापपुर 60 एमएम, माकड़ी 60 एमएम, खरोरा 6, कुटरू 60,एमएम कांकेर में 60 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बुधवार को 21 एमएम और गुरुवार को दोपहर तक 9 एमएम से अधिक वर्षा हुई थी।

इधर एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी, दक्षिण उड़ीसा तट तथा उत्तर आंध्र प्रदेश तट के ऊपर स्थित है और यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा यह मध्य क्षोभमंडल तक विस्तारित है। इसके पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए,और इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है। इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी-दक्षिण उड़ीसा और उत्तर आंध्र तट के पास 26 सितंबर को परिवर्तित होने की संभावना है।

इसके दक्षिण ओडिशा और उत्तर आंध्रप्रदेश तट के पास 27 सितंबर को पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी केअनुसार वायुमंडल में बन रहे सिस्टम की वजह से शुक्रवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।भारी वर्षा का मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ के दक्षिण भाग में इसका प्रभाव अधिक रहने की संभावना है।

## पूर्व कलेक्टर ने प्रतापगंज पारा के शासकीय भूमि में मल्टीलेवल पार्किंग की दी थी स्वीकृति : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला ने जारी बयान में कहा कि नगर निगम द्वारा प्रतापगंज वार्ड स्थित शासकीय भूमि में मल्टीलेवल पार्किंग के लिए वर्ष 2018 में तत्कालीन कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली ने निगम के अनुपूरक बजट में 50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की थी। रिक्त भूखंड में निर्माण के लिए लाइनिंग सर्वे कार्य पूरा कर प्राक्कलन तैयार किया जा रहा था एकाएक कोरोना संक्रमण के चलते काम रोक दिया गया।



उन्होंने कहा शहर में अव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था के चलते आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खरीदारी करने बाजार आने-जाने वाले चारपहिया वाहनों को शहर के मुख्य मार्ग समेत अन्य व्यवसायिक क्षेत्र में सड़क किनारे रखने को बाध्य होना पड़ रहा है। जिससे यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तत्कालीन निगम सरकार ने मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण की तैयारी में जुट गया था। उन्होंने कहा प्रतापगंज पारा में शासकीय भूमि शीट नंबर 78 प्लॉट नंबर 108 शासकीय मद में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भूमि है। वर्तमान में मेन रोड में भारी परिवहन बढ़ते व्यवसाय को देखते हुए मुख्यमार्ग व्यापारी संघ समेत अनेक सामाजिक व अन्य संगठनों ने रिक्त भूमि पर मल्टीलेबल पार्किंग के लिए शासन-प्रशासन को मांगपत्र सौंप तत्काल कार्य प्रारंभ करने ध्यानाकर्षण कराया है। ताकि व्यापारीगण अपनी वाहन उक्त पार्किंग में सुविधापूर्वक खड़ी कर सके । अपना व्यवसाय व आम जनता को खरीददारी करने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा जनता ने अपना अमूल्य मतदान कर नगर निगम में भाजपा शासित नगर सरकार को स्थापित किया था, जो कि वर्तमान में जनता के हितकारी निर्णय ना लेते हुए भाजपा के पार्षद दल एमआईसी मेंम्बर एवं महापौर के विकास विरोधी और जनता विरोधी निर्णय का समर्थन कर रहे है।

### जनता के हित में मल्टीलेवल पार्किंग

शुक्ला ने कहा मेन रोड का मुल्यांकन नगर निगम में बैठी सरकार करे तो भूमि की आवश्यकता किसी एक की नही नगरवासियों की आवश्यकता है। इससे वर्तमान में अधिरोपित निर्णय का कांग्रेसी एक मत होकर अपने हस्ताक्षरीत ज्ञापन के माध्यम से अपना अभिमत जनता के हित में देते है कि शहर के हृदय स्थल में स्थित शासकीय भूमि को जनता के हित में मल्टीलेवल पार्किंग के लिए आवंटित किया जाए।

## सेवा, समर्पण और सद्भाव स्वयंसेवक में जरूरी : सुषमा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं राज्य रजत जयंती के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम हुए। शुरूआत

- कन्या पॉलिटेक्निक में एनएसएस दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई जिससे वातावरण में एक सकारात्मक और भक्तिमय ऊर्जा का संचार हुआ।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुषमा देवांगन ने स्वागत भाषण देते हुए समाज सेवा के महत्व को रेखांकित किया तथा एक स्वयंसेवक में निहित सेवा, समर्पण और सद्भाव के मूल्यों पर प्रकाश डाला।

पार्वती और कशिश ने एनएसएस लक्ष्य गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। इसके बाद स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। जिसने युवाओं को आत्मबोध एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

स्वयंसेविकाओं द्वारा नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसने दर्शकों को इस बुराई के विरुद्ध जागरूक रहने का संदेश दिया। छात्र गोमती ने स्वच्छता एवं इसके महत्व पर अपने विचार साझा किए।

अंत में संस्था के प्राचार्य एस. के. त्रिवेदी ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया। संचालन व्याख्याता एंजेलिन मैथ्यू ने किया।

## पंडित दीनदयाल की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर मंडल के बिलोरी शक्ति केंद्र के ग्राम पोड़ागुड़ा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जिसमें मंडल अध्यक्ष हरिराम मांडवी और पूर्व मंडल अध्यक्ष लकीदर बघेल, उपाध्यक्ष डमरू भारती, मानसिंह नाग, जय मोहन शर्मा, महामंत्री रेयदू नाग, मंत्री प्रकाशनाथ, पूनम विश्वकर्मा एवं मंडल के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी के साथ-साथ सेवा पावड़ा के अंतर्गत पोड़ागुड़ा स्कूल में भाजपा मंडल अध्यक्ष, पदादिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया।



## जनजातीय गांवों में विकास का नया अध्याय, व्यापक सर्वेक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनजातीय बहुल गांवों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाना और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाना है।

बस्तर जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 377 ग्रामों का चयन किया गया है। जिसके तहत जगदलपुर विकासखंड में 55, बस्तर में 78, बकावण्ड में 75, दरभा में 40, तोकापाल में 67, बास्तानार में 23 और लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड में 39 ग्रामों को चयनित किया गया है। मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के अंतर्गत आदिम जाति विभाग, शिक्षा विभाग, लोक



स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला बाल विकास, कृषि विभाग एवं वन विभाग के 70 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत इन विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों को ''आदि कर्मयोगी एवं आदि साथी'' के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। ये लोग गांवों में समुदाय के साथ सहभागिता निभाकर कार्य करेंगे।

## पोटानार स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोटानार में बुधवार को एनएसएस इकाई के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रद्धा सोनी और समस्त स्टाफ उपस्थित थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना




वास्तव में युवाओं के लिए एक प्लेटफार्म है जो भाग लेकर अध्यनरत रहते हुए समाज सेवा के साथ साथ व्यक्तित्व का विकास एवं चरित्र निर्माण कर सकते हो। स्वयंसेवकों के द्वारा एनएसएस लक्ष्य गीत गाया गया तथा गीत नृत्य भाषण का आयोजन किया गया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने किया।







# कृषि महाविद्यालय के छात्र ने काव्य पाठ्य प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय, कुम्हरावंड के प्रतिभाशाली छात्र भोजराज साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय काव्य पाठ्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज और जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष के छात्र भोजराज साहू ने अपनी उत्कृष्ट काव्य प्रतिभा से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और प्रतियोगिता के विजेता बने। उन्हें इस शानदार जीत के लिए 15 हजार रुपए रुपए की नकद राशि, एक स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समारोह महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप



में जिला कलेक्टर हरीश एस और अधिष्ठाता डॉ. आरएस नेताम उपस्थित थे। इन गणमान्य व्यक्तियों ने अपने हाथों से भोजराज को पुरस्कार प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री नंदनी साहू, डॉ. आरआर कंवर, डॉ. सोनाली कर, एमबी तिवारी, कृषि महाविद्यालय व युवा कल्याण विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इन सभी ने भोजराज की उपलब्धि की सराहना की।

